सोमवार

**33 साल से देहरादून का विश्वास**

# दून वैली मेल

26 मई 2025

- देहरादून
- वर्ष 33
- अंक 114
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# बेटे ने की पिता की हत्या



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। पिता की डांट फटकार के चलते एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तंमचा बरामद किया गया है।

हत्या की यह वारदात खानपुर थाना क्षेत्र के हस्तमौली गांव में हुई है। बीती 23 मई को आरोपी बेटे सूरज ने पुलिस को फोन करके बताया कि उसके पिता की किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में पता चला कि मृतक मलखान शराब पीने का आदी था और घर पर अक्सर अपने बेटे सूरज से डांट फटकार किया करता था सूरज अधिकतर समय मोबाइल गेम इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप में व्यस्त रहता था जिससे उसके पिता अक्सर नाराज रहते थे।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि घटना वाली रात भी पिता-पुत्र में झगड़ा हुआ था जब मलखान सो गए तो सूरज ने मौका देखकर अपने पास रखे तमंचे से उनके सीने में गोली मार दी और फिर बिस्तर पर लेट गया सुबह जब मलखान की पत्नी ने उन्हें उठाने की कोशिश की तो खून से लतपत देखकर वह चीख पड़ी। सूरज ने उस समय भी अपने को मासूम दिखने की कोशिश की और शोक मनाना शुरू कर दिया।

मामले में उसकी कुछ अजीब संदिग्ध हरकतों को देखते हुए पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी पूछताछ के दौरान सूरज ने अपना गुनाह कबूल किया और हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर दिया। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय मे पेश कर जेल भेज दिया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# उत्तराखंड बेहतर प्रयोगशाला

वर्तमान केंद्र सरकार को देश की शासन व्यवस्था को कैसे चलाना है इसका फैसला सिर्फ प्रधानमंत्री को लेना है उनके सभी कैबिनेट मंत्रियों और सांसदों को सिर्फ वही करना या कहना है जैसा पीएम के निर्देश होंगे। करना क्या है और कहना क्या है? इसमें उनकी अपनी मर्जी कोई मायने नहीं रखती है। भाजपा ने 2014 में सत्ता में आने पर एक नारा दिया था सबका साथ सबका विकास। पांच साल तक सभी भाजपा नेताओं की जुबान पर यही चार शब्द रहे। इसके बाद इसमें सबका साथ, सबका विकास के साथ सबका विश्वास भी जोड़ दिया गया। अब 10 साल बाद लोग सोच रहे हैं कि क्या हमारी सरकार सबको विश्वास में लेकर सबका विकास कर रही है? इसके साथ ही इन 10 सालों में एक और शब्द प्रभावी ढंग से सुना गया डबल इंजन सरकार। इस डबल इंजन सरकार के साथ इस अवधारणा को भी जोड़ दिया गया कि अगर किसी राज्य को विकास चाहिए तो उसके लिए डबल इंजन सरकार जरूरी है। मतलब अगर किसी राज्य में भाजपा की सरकार नहीं होगी तो विकास की भी कोई गारंटी नहीं है। यानी की डबल इंजन सरकार मतलब मोदी की गारंटी, विकास होगा ही होगा। उत्तराखंड राज्य इस मामले में बहुत ही सौभाग्यशाली साबित हुआ है। जब से केंद्र में मोदी की सरकार आई है उत्तराखंड में भाजपा लगातार चुनाव जीतकर और मोदी की सरकार को भी पांच-पांच सांसद देने की अद्वित्य सफलता हासिल करता रहा है। भले ही उत्तराखंड राज्य की सरकार के कुशल संचालन में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और तीरथ सिंह रावत असफल साबित हुए हो लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ सबसे सफल और कुशल नेता साबित हुए हैं बल्कि सर्वप्रिय नेता भी बन चुके हैं जिनकी पीठ थपथपाने से लेकर पीएम मोदी उन्हें अपना छोटा भाई बता कर प्रोत्साहित करते देखे गए हैं लेकिन पुष्कर सिंह धामी ने भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कोर कसर उठाकर नहीं रखी है। पिछले चुनाव में हारने के बाद भी अगर मोदी ने धामी पर भरोसा जताया इससे बड़ा सम्मान सीएम धामी के लिए और भला क्या हो सकता है। पार्टी के इस कर्ज को सीएम धामी चुकाने के लिए हमेशा कुछ भी करने को तत्पर रहते हैं। हाई कमान का आदेश सिर माथे पर रखे जाने की इस खूबी ने उन्हें दीर्घजीवी नेता बना दिया है जिससे उनकी अपनी पार्टी नेता भी जलन की भावना से झुलसते रहते हैं। यूसीसी इसके बारे में लोग अभी तक चिल्लाते हैं कि यह तो केंद्र का विषय था भले ही यह सच हो लेकिन धामी सरकार ने इसे बनाकर ही नहीं बल्कि राज्य में लागू करके भी दिखा दिया। यह कमाल नहीं तो और क्या है भले ही केंद्र सरकार कल खुद अपना यूसीसी कानून लाकर उसे उत्तराखंड सहित पूरे देश में लागू कर दे और धामी सरकार का यूसीसी व्यर्थ साबित हो जाए। यह दीगर बात है। यह भी संभव है कि धामी सरकार के इस यूसीसी के प्रयोग के कारण राज्य को किसी अन्य बड़ी सहूलियत से भी वंचित होना पड़े लेकिन सीएम धामी को इससे कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। क्योंकि उनकी कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। अब मदरसो और मजारों पर कार्यवाही को चलाने दो, हज समितियों में महिलाओं की नियुक्तियां भी होने दो और मदरसों में ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनने दो बाकी जो होगा बाद में देखा जाएगा। प्रयोग करने में क्या बुराई है। उत्तराखंड भाजपा के लिए एक अच्छी प्रयोगशाला है।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना नाचनी का किया आकस्मिक निरीक्षण

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ रेखा यादव द्वारा थाना नाचनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष नाचनी मंगल सिंह नेगी सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान निरीक्षण के अंतर्गत मालखाना, थाना कार्यालय, शस्त्र (आर्म्स एवं एम्यूनिशन), आपदा उपकरण, अभिलेख, सीसीटीएनएस कक्ष, थाना भोजनालय, पुलिस बैरक एवं थाना परिसर का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे नियमित रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान क्राइम सीन इनवेस्टिगेशन किट का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से किट की जानकारी लेकर यह सुनिश्चित किया कि सभी कर्मियों को उक्त किट के प्रयोग का समुचित प्रशिक्षण प्राप्त हो। उन्होने निर्देशित किया कि क्राइम सीन पर इस किट का प्रभावी एवं त्वरित उपयोग किया जाए, जिससे विवेचना की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ सके।



# ट्रेड शुल्क के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया मेयर को ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर ट्रेड शुल्क लगाने के विरोध में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने मेयर सौरभ थपलियाल को ज्ञापन सौंपा।

आज यहां विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर ट्रेड शुल्क लगाने की तैयारी के विरोध में व दून की अनेक ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने मेयर सौरभ थपलियाल से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। यहां महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में मेयर सौरभ थपलियाल से कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और ट्रेड शुल्क सहित अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ट्रेड शुल्क के लिए लाइसेंस बनाना होगा और शुल्क की दरें भी काफी हैं।



उन्होंने कहा कि पहले से ही व्यापारियों पर तमाम तरह के कर लगे हुए हैं। ज्ञापन में कहा गया कि वहीं नगर निगम की ओर से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से हाउस टैक्स भी लिया जाता है और इसके बाद अब नगर निगम कारोबार करने के लिए ट्रेड शुल्क लेने की तैयारी कर रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। कांग्रेस का कहना है कि नगर निगम देहरादून के वार्डो में जहाँ स्कूल, हॉस्पिटल है, वहां मेयर व पार्षद कोटे से सड़क में प्लास्टिक स्ट्रिप्स के रनिंग मीटर के हिसाब से स्पीड ब्रेकर लगाने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करे, क्योंकि पार्षदों के कहने पर पीडब्ल्यूडी विभाग निम्न कार्य भी नहीं करता है। वहीं पर्यावरण मित्र सफाई कर्मचारी के मस्टरोल में पार्षदों के भी हस्ताक्षर व मोहर लगनी चाहिए जिससे सफाई कर्मियों का पता चलने के साथ उनके काम की निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया कि इस पार्क में नशेड़ी आते हैं। कांग्रेस की मांग है कि नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया जाए और पार्क परिसर में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही आसपास भी कैमरे लगाए जाएं। कांग्रेस की मांग यह भी है कि जहां-जहां नगर निगम की खाली जमीन है, वहां वहां पर पार्क बनाया जाए। ज्ञापन में बरसात से पहले शहर के नालों की पूरी तरह से सफाई कराई जाए, ताकि जनता को जल भराव की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मेयर से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, महानगर कांग्रेस व्यापार अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा, पार्षद कोमल बोहरा, संगीता गुप्ता, निधि, अर्जुन सोनकर, रमेश कुमार मंगू, एतत् खान, अमित भंडारी, महेंद्र रावत, वीरेंद्र बिष्ट, निखिल कुमार, जाहिद अंसारी, प्रमोद गुप्ता, सचिन थापा, मुकीम अहमद, आयुष गुप्ता, अनूप कपूर, मोहन गुरुंग, सोम प्रकाश बाल्मीकि, सुरेश कुमार पारछा, शिव कुमार, प्रदीप कुमार, आशीष कुमार आदि अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सड़क पर बुजुर्ग के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। सडक पर बुजुर्ग व्यक्ति व अन्य से मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आज यहां सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा सरे राह एक बुजुर्ग व्यक्ति एवं अन्य व्यक्तियों के साथ मारपीट की जा रही थी, का सज्ञांन लेकर एसएसपी अजय सिह द्वारा घटना में शामिल आरोपी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशो के क्रम में थाना नेहरू कालोनी पुलिस द्वारा घटना के सम्बंध में जानकारी की गई तो उक्त घटना शास्त्रीनगर के पास मेन रोड में होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त घटना में शामिल आरोपी सुनील उर्फ चक्की पुत्र दिलीप यादव निवासी मगलबस्ती राजीवनगर को मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने पर गिरफ्तार किया गया। पीड़ित बुजुर्ग की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है और न ही किसी के द्वारा उक्त घटना के संबंध में पुलिस को कोई तहरीर दी गयी है।

# ग्राम्य विकास मंत्री जोशी से मिले कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल

संवाददाता

देहरादून। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से उनके कैंप कार्यालय में कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने भेंट की।

आज यहां ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से उनके कैंप कार्यालय में कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने भेंट की। उन्होंने कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों और पुलों के निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक अनिल नौटियाल ने ग्राम्य विकास मंत्री से बकरियाबैंड से छिमटा, जंगलचट्टी (खेती) से सिराना, गॉल से मठकोट, बुंगीधार मेहलचौरी बछुआबाण से कोलानी और देवपुरी तक के पांच मोटर मार्गों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि इन स्थानों पर बने पुलों के साथ अप्रोच रोड का कार्य



अधूरा है। इसके अतिरिक्त, विधायक ने लाटूगैर से नैणी (3.5 किमी) और स्यूंणी मल्ली (4.5 किमी) सड़क की खस्ताहाल स्थिति की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बैठक में उपस्थित पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि वे तुरंत क्षेत्र का दौरा करें और अप्रोच रोड का कार्य शीघ्र पूरा करें, ताकि आमजन को इन पुलों का पूर्ण लाभ मिल सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों की मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं फील्ड विजिट करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों का विकास सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य अभियंता संजय पाठक, मुख्य अभियंता गढ़वाल मनीष मित्तल उपस्थित रहे।

## पिंपल्स के दौरान की गई ये गलतियां पड़ती हैं स्किन पर भारी, पनपते हैं मुंहासे

चहरे पर पिंपल्स होना एक आम समस्या हैं जो कि मौसम में बदलाव, गलत खानपान या स्किन की सही देखभाल ना करने की वजह से हो सकते हैं। कुछ समय के बाद ये पिंपल्स अपनेआप दूर हो जाते हैं। हांलाकि इन्हें दूर करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। लेकिन कई बार देखने को मिलता हैं कि पिंपल्स के दौरान महिलाएं कुछ गलतियां कर बैठती हैं जो स्किन को नुकसान पहुचाते हुए मुंहासों की समस्या को पैदा करने का काम करते हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

पिंपल्स को छेड़ना

सिर्फ मुंहासे फोड़ने से ही नहीं, बल्कि उन्हें बार-बार छूने से भी बचना चाहिए। क्योंकि, हमारे हाथों पर गंदगी और कीटाणु हो सकते हैं। जो कि पिंपल्स को गंभीर बना सकते हैं और स्किन इंफेक्शन का खतरा बना सकते हैं।

मुंहासे फोड़ना

पिंपल्स के साथ लोग सबसे बड़ी गलती यह करते हैं कि उन्हें फोड़ने लगते हैं। लेकिन, ऐसा करने से पूरे चेहरे पर मुंहासे आ सकते हैं। क्योंकि, पिंपल्स फोड़ने पर उनसे निकलने वाला पस (पदार्थ) बैक्टीरियल इंफेक्शन को बढ़ा सकता है। यह पस चेहरे के जिस हिस्से के संपर्क में आएगा, वहां मुंहासे आने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं, यह गलती पिंपल्स के बाद गहरे दाग-धब्बे भी छोड़ सकती है।

गंदा तकिया

अगर चेहरे पर पिंपल्स हैं तो भूल से भी गंदे तकिए पर न सोए या उसका यूज करें। ऐसा करने से चेहरे पर और भी मिट्टी बैठती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपके पिंपल्स बढ़ने के ज्यादा आसार बन जाते हैं। गंदी मिट्टी से पिंपल्स और बढ़ सकते हैं।

पॉप अप

देखा जाए तो ये स्किन पर पिंपल्स के बढ़ने की अहम वजह मानी जाती है। कोशिश करें कि पिंपल्स को कभी भी पॉप अप यानी उनकी पपड़ी छिलने की गलती न करें। लोगों को लगता है पिंपल की पपड़ी छील देने से वो वहीं खत्म हो जाएगा, जबकि इससे पिंपल्स और बढ़ते हैं।

बार-बार चेहरे को धोना

अगर आपकी ऑयली स्किन है और आपको पिंपल्स परेशान कर रहे हैं, तो चेहरे को बार-बार धोने की गलती ना करें। क्योंकि, जरूरत से ज्यादा चेहरा धोने से चेहरे की प्राकृतिक नमी छिन सकती है और त्वचा को खुरदुरा और उस पर गड्ढे बनने का कारण बन सकती है। दिन में दो बार से ज्यादा चेहरा धोने से बचना चाहिए।

गलत फेसवॉश का इस्तेमाल

चेहरे को साफ रखने और पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए सही फेसवॉश का इस्तेमाल करें। क्योंकि, गलत फेसवॉश का उपयोग स्किन इर्रिटेशन को बढ़ा सकता है। अपने लिए सही फेसवॉश का चुनाव करने के लिए अपनी स्किन का टाइप समझें और फिर फेसवॉश खरीदते समय उसके पैकेट पर दी जानकारी पर ध्यान दें।

सनस्क्रीन का सही से इस्तेमाल ना करना

अक्सर लड़कियां गालों पर पिंपल्स होने पर सनस्क्रीन ना लगाना सही समझती है। मगर सनस्क्रीन लगाने से स्किन का सूरज की तेज किरणों से बचाव रहता है। इसलिए अपनी स्किन टाइप के हिसाब से सनस्क्रीन चुनें और कहीं जाने के 10-15 मिनट पहले इसे लगाएं। मगर इस बात का ध्यान रखें कि आपको सनस्क्रीन कम मात्रा में ही लगानी है।

## पैरों के अंगूठे से जानिए क्या भाग्यशाली हैं आप!

किसी भी व्यक्ति के पैर के अंगूठे की आकृतिए उसके पंजे का आकारए रेखाओं से उसका स्वभाव बताया जा सकता है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार हाथ के अंगूठे की तरह पैर का अंगूठा भी व्यक्ति के स्वभाव के साथ ही उसका भविष्य भी बताता है...

. यदि पैर का अंगूठा गोल हो और साथ ही लालिमा लिए हुए हो तो ऐसा व्यक्ति उच्च पद को पाने वाला और भाग्यशाली होता है।

. अधिक बड़े अंगूठे को अशुभ माना जाता है। अधिक बड़े अंगूठे वाले भाग्यहीन और स्वभाव से घमंडी होते हैं लेकिन शारीरिक रूप से बलवान होते हैं।

. यदि अंगूठे की नसें दिखाई देती हों तो वह अशुभ होता है। स्त्रियों में भी ऐसा अंगूठा दुर्भाग्य का सूचक माना जाता है।

. यदि किसी व्यक्ति का अंगूठा बहुत छोटा हो तो वह भी अशुभ माना जाता है। अधिक छोटे अंगूठे वाले व्यक्ति जीवन में बहुत क्लेश और दुख भोगता है।

. औसत लम्बाई से अधिक लम्बा अंगूठा भी अच्छा नहीं माना गया है। ऐसे व्यक्ति अधिक खर्चीले होते हैं। यात्रा अधिक करते हैं। ऐसे लोगों के पास पैसा नहीं टिकता है। अक्सर प्यार के मामले में असफलता मिलती है। चौकोर अंगूठे वाले व्यक्ति व्यवहारिक मेहनती होते हैं। ऐसे अंगूठे वाला व्यक्ति शारीरिक मानसिक दोनों दृष्टि से संपन्न होते हैं। यदि स्त्रियों का अंगूठा चौकोर हो तो वे अपने पति से द्वेष रखने वाली होती हैं।

# स्वाद ही नहीं स्किन को भी चमकाता है अनानास



अनानास, स्वादिष्ट होने के साथ और सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से त्वचा सुंदर बनी रहती है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर अनानास को सिर्फ खाया या जूस बनाकर पिया ही नहीं जा सकता, बल्कि अपनी त्वचा व बालों पर मास्क बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अनानास में मौजूद ऐंटीऑक्सिडेंट्स और मिनरल्स त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

फटी एड़ियों के लिए फायदेमंद फटी एड़ियों की समस्या से काफी लोग परेशान रहते हैं, जिसके लिए लोग दर्द में राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं लेकिन दर्द ही नहीं, बल्कि फटी एड़ियों के कारण आपको अपने पैरों को छुपाना पड़ता है। अगर आप भी फटी एड़ियों से परेशान हैं, तो अनानास बेहतर विकल्प हो सकता है। फटी एड़ियों से राहत पाने के लिए अनानास के एक टुकड़े पर शहद व चीनी मिलाकर लगाएं और इसे एड़ियों पर रगड़ते हुए स्क्रब करें, आराम मिलेगा।

फेस मास्क से आएगा निखार

अनानास आपकी त्वचा में निखार लाने व त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करता है। अनानास शरीर में कोलेजन सिंथेसिस को बढ़ावा देता है। कोलेजन की सही मात्रा होने से त्वचा में लचीलापन आता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद विटामिन-सी और अमीनो एसिड डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करते हैं। जंवा त्वचा पाने के लिए आप अनानास का खाने के साथ इसका जूस पी सकते हैं। इसके अलावा आप इसका फेस मास्क भी बना सकते हैं। इसके लिए आप अनानास को छीलकर कुछ टुकड़े मिक्सर में डालें और इसका पेस्ट बना लें।

पिंपल्स होंगे दूर

अनानास कील-मुहासों को दूर करने के साथ आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट व चमकदार बनाए रखता है, जिससे त्वचा रूखी और बेजान नहीं लगती। इसके लिए आप अनानास को अच्छे से छीलकर कुछ टुकड़े मिक्सर में डालें। इसके बाद आप इसमें अंडे की जर्दी और 2 चम्मच दूध मिलाएं और पेस्ट तैयार कर लें। अब इस तैयार पेस्ट को अपनी त्वचा पर लगाएं और इसे 20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पानी से चेहरा धो लें। यह आपकी त्वचा को तरोताजा व हाइड्रेट रखेगा।

फ्रूट मास्क का इस्तेमाल करने से चेहरे में प्राकृतिक निखार आता है। हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करना चाहिए। अनानास को मुख्य तौर पर रखना चाहिए।

दो बार करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट दीपा बताती हैं कि फरूट मास्क का इस्तेमाल करना चेहरे के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह चेहरे में प्राकृतिक निखार आता है। हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करना चाहिए। अनानास स्किन के लिए काफी लाभदायक होता है।

# दिमाग को तेज और हेल्दी बनाती हैं ये चीजें

शरीर के साथ ही साथ दिमाग को भी स्वस्थ्य रखना जरूरी है। लेकिन हम इस बारे में कम ही सोच पाते हैं। हमें इस बात का अंदाजा ही नहीं कि एक स्वस्थ्य शरीर से पहले स्वस्थ्य दिमाग होना कितना जरूरी होता है। आइए जानते हैं दिमाग को तेज़ और स्वस्थ्य बनाने के ये 5 उपयोगी टिप्स के बारे में-

मछली खाएं

मछली खाना दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद है। यह हमारे दिमाग को अवसाद और मति-भ्रम से बचाता है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 नाम का आवश्यक फैट एसिड होता है, जो हमारे दिमाग के लिए हैल्दी होता है।

दिमाग की कसरत करें

सुडोकु, शतरंग खेलें और पहेलियां सुलझाएं। नियमित रूप से दिमाग वाले खेल खेलने से आप अपने दिमाग को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं, जिससे आपकी यादाश्त भी बढ़ती है। पौष्टिक भोजन फाइबर, फैट और प्रोटीन युक्त खाना खाएं।

नियमित व्यायाम

रेगुलर एक्सरसाइज से दिमाग और शरीरी दोनों ही स्वस्थ्य रहते हैं। नियमित व्यायाम करने से आप अपने दिमाग को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं।

भरपूर नींद लें

अच्छी नींद लेना हमारे शरीर के लिए काफी आवश्यक है। अच्छी नींद लेने से हमारी यादाश्त में सकारात्मक परिवर्तन आता है। सोते समय हमारा दिमाग बहुत सी कड़वी और गैर-जरूरी यादों को भूल जाता है। वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है, जब हमारे शरीर को पर्याप्त आराम नहीं मिलता, उस समय हमारा दिमाग ज़रूरी चीज़ों को भूलने लगता है और ऐसे में हमारे लिए नई चीज़ों को याद रखना मुश्किल हो जाता है।

# लुक में बदलाव के लिए ट्राई करें डेनिम जैकेट



जैकेट सुनते ही हमें सर्दी याद आने लगती है। लेकिन डेनिम जैकेट सभी सीजनों में पहनी जाती है, बशर्ते आपने वर्सेटाइल जैकेट खरीदी हो।

वॉश्ड डेनिम और फेडेड ब्लू कलर की डेनिम जैकेट आप किसी भी ड्रेस के साथ मैच करके पहन सकती है। शॉर्ट ड्रेसेस के साथ भी ये जैकेट काफी कूल और स्टाइलिश दिखते है। ऐसे में अगर आप लुक के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो हम आपको इस बारे में कुछ टिप्स देने जा रहे हैं-

ड्रेस के साथ पहनें

चाहे लंबी ड्रेस हो या फिर शॉर्ट, डेनिम की जैकेट दोनों पर ही अच्छी लगती है। कैजुअल या समर ड्रेस के साथ डेनिम जैकेट काफी अच्छी लगती है। इन पर शॉर्ट स्टाइल जैकेट ज्यादा अच्छी लगेगी।

नॉर्मल और क्रॉप दोनों तरह के टॉप पर डेनिम जैकेट अच्छी लगेगी। क्रॉप टॉप भी काफी समय से ट्रेंड में चल रहा है। ऐसे में जब आप क्रॉप टॉप के ऊपर जैकेट पहनने की सोचें तो उसकी साइज थोड़ी लंबी रखें।

प्लेन जंपसूट

प्लेन जंपसूट के ऊपर भी डेनिम जैकेट अच्छा लुक देती है। इसी किसी भी समर डे आउटिंग में पहना जा सकता है।

ओवर साइज डेनिम जैकेट

ओवर साइज जैकेट आपको अंदर किसी भी तरह का टॉप पहनने ऑप्शन देती है। अगर आप फ्रिल या लेयर्स वाला टॉप भी पहनती हैं तो यह जैकेट उनके लुक को नुकसान नहीं पहुंचाएगी।

# आमिर खान की सितारे जमीन पर का ट्रेलर जारी

काफी समय से अभिनेता आमिर खान फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।

खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए आमिर करीब 3 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं।

फिल्म का पहला पोस्टर सामने आने के बाद दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है।

अब निर्माताओं ने सितारे जमीन पर का ट्रेलर जारी कर दिया है।

सितारे जमीन पर की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है। आमिर अपनी फिल्म के माध्यम से एक और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी पर लोगों का ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। यह एक ऐसी बीमारी पर आधारित होगी, जिसे समाज में कलंकित माना जाता है।

इस फिल्म से अरौश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर जैसे बाल कलाकार अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

सितारे जमीन पर के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर कर रहे हैं।

आमिर के साथ इस फिल्म में जेनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

आमिर अपनी इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने के 2 महीने बाद यूट्यूब पर पे-पर-व्यू (पीपीवी) मॉडल पर रिलीज करेंगे।

सितारे जमीन पर के ट्रेलर को आमिर खान प्रोडक्शन के यूट्यूब हैंडल पर रिलीज करने से पहले इसे जी नेटवर्क चैनल पर 7ः50-8ः10 बजे दिखाया गया था।

हमेशा की तरह आमिर के काम को काफी सराहा जा रहा है, वहीं जेनेलिया भी उनके साथ खूब चमक रही हैं। दोनों की अदाकारी को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं।

आमिर ने ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, 1 टिंगू बास्केटबाल कोच, 10 तूफानी सितारे और उनकी यात्रा।

सितारे जमीन पर साल 2007 में आई आमिर की सुपरहिट फिल्म तारे जमीन पर का सीक्वल है।

इसमें दर्शील सफारी, टिस्का चोपड़ा, विपिन शर्मा और तनय छेड़ा जैसे कलाकार नजर आए थे। आमिर ने खुद इस फिल्म का निर्देशन किया था।

12 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म तारे जमीन पर ने भारत में 62.95 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि दुनियाभर में यह 98.50 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।

# तन्वी द ग्रेट में बाहुबली के अभिनेता नासिर की एंट्री

काफी समय से अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म तन्वी द ग्रेट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म ओम जय जगदीश के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। वे इस फिल्म में अभिनय भी करने वाले हैं।

अब तन्वी द ग्रेट में बाहुबली के अभिनेता नासिर की एंट्री हो चुकी है।

तन्वी दे ग्रेट से नासिर की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। फिल्म में वह ब्रिगेडियर केएन राव की भूमिका में नजर आएंगे।

नासिर का टीम में स्वागत करते हुए अनुपम ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, नासिर सर मुझसे उम्र में छोटे हैं, लेकिन उनके शानदार फिल्मी करियर के कारण ही जब भी मैं उनका जिक्र करता हूं तो सर अपने आप सामने आ जाता है।

अनुपम ने आगे लिखा, नासिर की फिल्मों की सूची एक अभिनेता का सपना है। थेवर मगन, बॉम्बे, ऐनी सिवन, नायकन, बाहुबली... मैं और भी फिल्में बता सकता हूं। सूची अंतहीन है। 552 और गिनती जारी है। नासिर एक बेहतरीन अभिनेता हैं। मैं चाहता था कि नासिर फिल्म में ब्रिगेडियर राव की भूमिका निभाएं। शूटिंग के दौरान उनकी आंखों में आंसू थे। जय हिंद। बता दें तन्वी दे ग्रेट में जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी और शुभांगी भी नजर आएंगे।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# गर्मी में कपड़ों से आने वाली पसीने की दुर्गंध को दूर करने के 5 कारगर नुस्खे

गर्मी का मौसम अपने साथ चिपचिपाहट और पसीना लेकर आता है। यह पसीना शरीर और कपड़ों पर टिक जाता है, जिस कारण कपड़ों से बेहद गंदी बदबू आने लगती है। खास तौर से अंडर आर्म्स से सबसे ज्यादा पसीना निकलता है, जिसकी दुर्गंध कभी-कभी धुलने के बाद तक रह जाती है। अगर आप भी अपने कपड़ों से पसीने की बदबू को दूर करना चाहते हैं तो ये 5 घरेलू नुस्खे आजमाकर देखें।



इनके जरिए कपड़े नए जैसे महक उठेंगे।

धुलने से पहले कपड़ों को भिगोएं

ज्यादातर लोग अपने कपड़ों को भिगोए बिना ही धो देते हैं, जिस कारण वे सही तरह साफ नहीं हो पाते और दुर्गंध बनी रहती है। जब भी आप पसीने से भरे कपड़ों को धोने वाले हों, उससे करीब आधे घंटे पहले उन्हें गर्म पानी में भिगो लें। पानी में चुटकीभर बेकिंग सोडा या सिरका डालें और अपने कपड़ों को उसमें भीगने दें।

इससे दुर्गंध पहले ही मिटनी शुरू हो जाएगी और धोने के बाद कपड़े महकने लगेंगे।

बेकिंग सोडे का इस्तेमाल करें

कपड़ों से पसीने की दुर्गंध मिटाने का सबसे अच्छा घरेलू नुस्खा है बेकिंग सोडा का उपयोग करना। इस खाद्य पदार्थ में ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो किसी भी प्रकार की बदबू को सोख लेते हैं। इसका कारण यह है कि यह पानी को सोखने वाला एक प्राकृतिक एजेंट होता है। एक कटोरी में पानी और बेकिंग सोडा का घोल बनाएं और कपड़ों पर लगाकर 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद उन्हें पानी की मदद से साफ करें।

अंडर आर्म्स वाले हिस्सों पर नींबू का रस लगाएं

चाहे आपने किसी भी फैब्रिक से बने कपड़े क्यों न पहने हों, गर्मी के दिनों में अंडर आर्म्स से पसीने की दुर्गंध आना लाजमी होता है।

इसे दूर करने का सबसे अच्छा और आसान तरीका है अंडर आर्म्स वाले हिस्से पर नींबू रगड़ना। नींबू का रस खुशबु बढ़ाने वाला एक प्राकर्तिक पदार्थ होता है, जिसे रगड़ने से पसीने के दाग भी साफ हो जाते हैं। इसे अंडर आर्म्स वाले हिस्से पर रगड़ें और कुछ देर बाद पानी से धो लें।

सफेद सिरके से कपड़ों को धोएं

सफेद सिरका केवल खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि कपड़ों से आने वाली पसीने की बदबू को भी दूर करता है। यह खुशबु बढ़ाने वाला प्राकृतिक तत्व होता है, जो कपड़ों में ताजगी लाता है और उन्हें मनमोहक सुगंध प्रदान करता है। सफेद सिरके में एसिटिक एसिड होता है, जो गंध पैदा करने वाले तेलों और बैक्टीरिया को मिटाने में मदद करता है। इसे डिटर्जेंट के साथ ही वाशिंग मशीन में डालें और कपड़ों को धुल जाने दें।



तेज धूप में कपड़ों को सुखाएं

गर्मी में धूप तेज होती है, जिसका फायदा उठाकर आप कपड़ों को नए जैसा बना सकते हैं। कपड़ों को सीधे तेज धूप में सुखाने से बैक्टीरिया को मारने और दुर्गंध को दूर करने में मदद मिल सकती है।

सूरज की किरणें कीटाणुनाशक की तरह काम करती हैं, बैक्टीरिया का सफाया करती हैं और साथ ही साथ कपड़ों को तारों-ताजा भी कर देती हैं।

अगर धोने के बाद कपड़े पूरी तरह सूखे नहीं होंगे तो भी उनसे बदबू आ सकती है।

## शब्द सामर्थ्य -46

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 45 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

# पकंज त्रिपाठी की क्रिमिनल जस्टिस 4 का ट्रेलर जारी

मंझे हुए अभिनेता पंकज त्रिपाठी की पॉपुलर सीरीज क्रिमिनल जस्टिस के सीजन-4 का ट्रेलर निर्माताओं ने जारी कर दिया है। माधव मिश्रा के किरदार में पंकज त्रिपाठी पेचीदा केस के साथ फिर से वापसी करने जा रहे हैं। पंकज ने इसे पहले से भी ज्यादा रोमांचक अनुभव बताया है। एप्लॉज एंटरटेनमेंट के बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से बनी सीरीज का निर्देशन रोहन सिप्पी ने किया है। इस बार, पंकज त्रिपाठी का किरदार माधव मिश्रा एक हाई-प्रोफाइल केस को सुलझाता नजर आएगा। जियोहॉटस्टार क्लस्टर एंटरटेनमेंट के प्रमुख आलोक जैन ने कहा, क्रिमिनल जस्टिस हमारे जियो हॉटस्टार हिंदी कंटेंट पोर्टफोलियो में सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक रहा है, जिसे दर्शकों से काफी प्यार मिला। सीरीज के चौथे सीजन को लेकर हम उत्साहित हैं। अप्लॉज एंटरटेनमेंट के प्रबंध निदेशक समीर नायर ने कहा, क्रिमिनल जस्टिस शानदार सीरीज है, जिसे पहले सीजन से ही प्रशंसकों का प्यार मिला है।



जियोहॉटस्टार के साथ हमारी मजबूत साझेदारी रही है और साथ मिलकर हमने हमेशा दर्शकों को समझना और उन्हें प्रामाणिक और आकर्षक कहानी सुनाने का क्रम चौथे सीजन के साथ जारी रखा है। हम माधव मिश्रा को दर्शकों के सामने पेश करने के लिए उत्साहित हैं। वह कोर्ट रूम में दहाड़ते नजर आएंगे।

पंकज त्रिपाठी ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, क्रिमिनल जस्टिस का यह सीजन माधव मिश्रा के लिए कोर्ट रूम में वापसी से कहीं ज्यादा बढ़कर है। माधव मिश्रा की जगह लेना और क्रिमिनल जस्टिस के लिए शूटिंग करना एक नए अनुभव को जन्म देता है। सीरीज में मेरा किरदार शानदार है और मुझे लगता है कि वह अब मेरा दूसरा व्यक्तित्व बन गया है। इस सीजन में हमारे साथ कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली अभिनेता भी शामिल हुए हैं जो कहानी को और दमदार बनाने जा रहे हैं। मैं सीरीज को लेकर उत्साहित हूं।

सुरवीन चावला ने अपने किरदार के विषय में कहा, अंजू एक बहुत ही मजबूत किरदार है, जिसे शानदार तरीके से गढ़ा गया है। यह सिर्फ एक कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि भावनाओं, सच्चाई और नैतिकता की लड़ाई है। हम चौथे सीजन के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। हमारे पास बेहतरीन टीम है। सीरीज के चौथे सीजन में पंकज त्रिपाठी के साथ मोहम्मद जीशान अय्यूब, सुरवीन चावला, आशा नेगी, खुशबू अत्रे, बरखा सिंह, आत्म प्रकाश मिश्रा के साथ मीता वशिष्ठ और श्वेता बसु प्रसाद अहम भूमिकाओं में हैं। क्रिमिनल जस्टिस का प्रीमियर 29 मई को जियोहॉटस्टार पर होगा।

# साइकोलॉजिकल थ्रिलर निकिता रॉय 30 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म निकता रॉय का पोस्टर रिलीज हुआ है। अभिनेत्री के इस फिल्म के पोस्टर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सोनाक्षी के तनाव और सीरियस लुक ने सभी को हैरान कर दिया है। फिल्म निर्माताओं द्वारा फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है।

सोनाक्षी सिन्हा अपने दमदार लुक के साथ इस बार सिनेमाई पर्दे पर नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री की आगामी फिल्म निकिता रॉय के पोस्टर ने उनके लुक के बारे में कई सवाल पैदा कर दिए हैं। इस पोस्टर में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर भी नजर आ रहे हैं। फिल्म के पोस्टर में सभी किरदार सस्पेंस लुक में दिख रहे हैं। यह फिल्म एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है।

निकिता रॉय फिल्म का निर्देशन कुश एस सिन्हा कर रहे हैं, जो इस फिल्म से डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू कर रहे हैं। यह फिल्म रहस्य, मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। सोनाक्षी सिन्हा की ये फिल्म 30 मई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इस फिल्म को निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स और निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनाया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का प्रोडक्शन निक्की खेमचंद भगनानी, किंजल आहूजा घोन और विक्की भगनानी ने किया है। सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत फिल्म निकिता रॉय को लेकर फिल्म निर्माता निक्की और विक्की भगनानी ने कहा कि यह फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है। यह फिल्म दर्शकों को वहां ले जाएगी, जहां मुख्यधारा की फिल्में नहीं ले जा पाती हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस फिल्म के कलाकार अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म रिलीज के समय पर सिनेमाघरों में क्या कमाल करती है।

# घबराई और उलझी सी थीं अनन्या, कुछ ऐसी थी फिल्मी शुरुआत!



अनन्या पांडे बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने फिल्ममेकर करण जौहर की स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, यह फिल्म 10 मई 2019 को रिलीज हुई थी। अनन्या पिछले 6 साल से हिंदी सिनेमा पर राज कर रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उन्होंने शुरुआत की थी, तब वह नर्वस थीं और खुद को लेकर असमंजस में थीं, लेकिन अब उन्हें कुछ नया आजमाने या जोखिम लेने से डर नहीं लगता।

अनन्या ने कहा, मैं जब शुरू कर रही थी, तब मेरी उम्र 19 साल थी। मैं बहुत घबराई हुई थी, सपनों से भरी हुई थी और खुद को पहचानने की कोशिश कर रही थी। मैं यह समझने की कोशिश कर रही थी कि मैं कौन हूं, अपने व्यक्तित्व और करियर को लेकर थोड़ी उलझन में थी।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, अब, मुझे लगता है कि मैं खुद के एक ऐसे रूप में ढाल चुकी हूं जो कोशिश करने से, गिरने से, फिर उठने से और लोगों को चौंकाने से नहीं डरती। मैं अब भी सीख रही हूं। खुद को लगातार बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हूं।

उन्होंने कहा, मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है, लेकिन मुझे पता है कि मैं खुद को बेहतर बनाते रहना चाहती हूं और ऐसे किरदार चुनना चाहती हूं जो मुझे चुनौती दें, मेरे भीतर उत्साह और घबराहट का एहसास जगाएं।

स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर 2 का निर्देशन पुनीत मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म में अनन्या पांडे के अलावा टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया भी हैं। इन दोनों एक्टर्स ने भी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

यह फिल्म 2012 में आई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर का सीक्वल है, जिसके जरिए आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 के बाद वह पति पत्नी और वो, खाली पीली, गहराइयां, लाइगर, ड्रीम गर्ल 2, खो गए हम कहां, जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में कैमियो भी किया। फिल्मों के अलावा, उन्होंने सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी भी कर चुकी हैं।

# तन्वी द ग्रेट का हिस्सा बनी पल्लवी जोशी




बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर अपनी आने वाली फिल्म तन्वी द ग्रेट में बतौर निर्देशक हाथ आजमा रहे हैं। इस फिल्म का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में अनुपम ने बोमन ईरानी, शुभांगी दत्त और जैकी श्रॉफ के फिल्म में होने का खुलासा किया था। अब उन्होंने फिल्म की एक और स्टारकास्ट के नाम से पर्दा उठा दिया है। इसका खुलासा उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया।

अनुपम ने इंस्टाग्राम पर एक एक्ट्रेस की फोटो शेयर की। इस फोटो में नीचे की तरफ फिल्म का नाम तन्वी द ग्रेट लिखा है, और ऊपर एक्ट्रेस का नाम और उसके किरदार के बारे में बताया गया है। यह एक्ट्रेस द कश्मीर फाइल्स में नजर आ चुकीं अदाकारा पल्लवी जोशी हैं। वह अब इस फिल्म की स्टारकास्ट में शुमार हो चुकी हैं। फिल्म में वह विद्या रैना नाम की महिला का किरदार निभाएंगी।

इस पोस्ट के कैप्शन में अनुपम ने लिखा, मैं पल्लवी जोशी का लंबे समय से प्रशंसक रहा हूं, खासकर उनके टेलीविजन के दिनों से। वह बेहद प्रभावशाली कलाकार हैं। सिनेमा की दुनिया में उनका आना फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक उपहार है, क्योंकि वह बहुत चुनिंदा प्रोजेक्ट्स करती हैं, लेकिन जब भी पर्दे पर आती हैं, उनका अभिनय राष्ट्रीय पुरस्कार के लायक होता है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में उनका किरदार प्रेम, गरिमा, त्याग और शक्ति की मिसाल है। वह बिलकुल सहजता से अभिनय करती हैं और उनके साथ काम करना एक सबक की तरह है। आपकी भारतीय सेना के प्रति समझ और संवेदना भी सराहनीय है, जो दूसरों को भी प्रेरित करती है। जय हिंद!

बता दें कि फिल्म में बोमन ईरानी रजा साहब का किरदार निभाएंगे। वहीं जैकी श्रॉफ ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका में दिखेंगे, जो एक भारतीय सैन्य अधिकारी हैं।

फिल्म में ऑस्कर विजेता एमएम कीरावानी ने संगीत दिया है। फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है। फिलहाल, फिल्म की रिलीज डेट अब तक सामने नहीं आई है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए गए प्रश्न चिंतित करने वाले

अवधेश कुमार

पहलगाम आतंकवादी हमले से लेकर %ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व कार्रवाई, उसके बाद 8 और 9 मई की रात्रि तक पाकिस्तान के साथ सीधे सैन्य टकराव और उसके बाद जिस तरह के वक्तव्य आए, प्रश्न उठाए गए हैं वे चिंतित करने वाले हैं।

इसमें सबसे अंतिम विवाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर के ऑपरेशन संबंधित पाकिस्तान को जानकारी देने के स्वाभाविक वक्तव्य का राहुल गांधी और कांग्रेस के द्वारा विवादास्पद बनाया जाना है।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, %हमारे हमले की शुरु आत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इसे किसने अधिकृत किया? इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए?' कांग्रेस मीडिया एवं कम्यूनिकेशन के प्रमुख जयराम रमेश पहले ही इससे आगे बढ़कर विदेश मंत्री के इस्तीफे की मांग कर चुके थे।

एक्स पर उनका पोस्ट था, %विदेश मंत्री-अपने अमेरिकी समकक्ष की ओर से किए जा रहे दावों का जवाब तक नहीं देते हैं, उन्होंने एक असाधारण रहस्योद्घाटन किया है। वह अपने पद पर कैसे बने रह सकते हैं, ये समझ से परे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून, 2०2० को चीन को सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट दे दी और हमारी बातचीत की स्थिति खत्म कर दी। जिस शख्स को उन्होंने विदेश मंत्री के तौर पर नियुक्त किया, उसने इस बयान से भारत को धोखा दिया है।'

कांग्रेस के समर्थक और भाजपा विरोधियों के साथ अनेक आम लोगों को भी इन बड़े नेताओं के वक्तव्य के बाद लगा होगा कि क्या वाकई हमने %ऑपरेशन सिंदूर' के पहले ही पाकिस्तान को बता दिया? इससे हास्यास्पद बात कुछ नहीं हो सकती कि जो सरकार आतंकवादी हमले के बाद सीमा पार स्थित महत्त्वपूर्ण आतंकवादी केंद्रों को ध्वस्त करने की साहसिक कार्रवाई की गोपनीय तैयारी कर चुकी हो वह पूर्व में दुश्मन को बता देगा? यह देश का दुर्भाग्य है और गहरी चिंता का विषय कि पूरे अभियान में, जिसने संपूर्ण दुनिया को विस्मित किया तथा पाकिस्तान को सकते में ला दिया उस पर उत्सव मनाने की जगह अपने पर ही प्रश्न उठाकर देश का मनोबल कमजोर करने की भूमिका निभाई जा रही है।

आखिर जयशंकर ने कहा क्या था? उन्होंने कहा था, %ऑपरेशन की शुरु आत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था कि हमारा निशाना आतंकवादी ढांचे पर है, न कि उनकी सेना पर। हमने उन्हें हस्तक्षेप न करने का विकल्प दिया था, लेकिन उन्होंने इसे मानने से इनकार कर दिया।' उनके अनुसार, 7 मई की रात 1 से 1ः3० बजे के बीच, भारतीय सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला को फोन कर यह जानकारी दी थी। भारत ने केवल सावधानी से चुने गए आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया है, न कि सेना के ठिकानों को। इसमें कहां है कि पूर्व में ही सूचित कर दिया?

विदेश मंत्रालय के खंडन के बावजूद विवाद जारी है और रहने वाला है। सभी बड़े नेताओं को पता है कि सच क्या है। पहले की सरकारें ऐसा साहस नहीं कर सकी इसलिए प्रधानमंत्री मोदी की सरकार जनता और दुनिया की नजर में ऐतिहासिक पराक्रमी न मान लिया जाए इसके भय से अनेक ऐसे विवाद खड़े किए जा रहे हैं। इसका मतलब हुआ कि आगे भी ऐसे ही होता रहेगा। तभी तो जिस ऑपरेशन पर अब अमेरिका व यूरोप के सामरिक विशेषज्ञ भारत की रणनीतिक और कूटनीतिक सफलता ऐतिहासिक बताकर पाकिस्तान के झूठ को उजागर कर चुके हैं वहां हमारे ही देश में दुश्मनों विशेषकर चीन, पाकिस्तान और अन्य के नैरेटिव को फैलाकर पूरी सफलता के स्वाद में मिट्टी तेल डालने का उपक्रम हो रहा है।

भारत बहादुर देश है और जब 1ः०5 बजे रात से 1ः3० बजे तक यानी 25 मिनट के अंदर दो दर्जन से ज्यादा मिसाइलों के सटीक निशाने से महत्त्वपूर्ण आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करना शुरू किया तो पाकिस्तान को बता दिया कि कार्रवाई आतंकवाद के विरु द्ध है, पाकिस्तान पर हमला नहीं। पाकिस्तान नहीं कह रहा है कि %ऑपरेशन सिंदूर' की सूचना पहले मिल गई और हमने किसी मिसाइल को मार गिराया। वह सकते में आ गया कि इतनी बड़ी कार्रवाई की भनक कैसे नहीं लगी? दूसरे, यह हवाई बमबारी नहीं थी कि किसी वायुयान या पायलट को पाकिस्तान नुकसान पहुंचता। अगर नेताओं को इतनी समझ नहीं है तो उनके बारे में देश तय करे कि हमें कैसा व्यवहार करना है। अंतरराष्ट्रीय मानक है कि हम किसी देश की सीमा में घुसकर अपराध या आतंकवाद के विरु द्ध कार्रवाई करते हैं तो उसे सूचित करते हैं। इसका रिकॉर्ड भी रखा जाता है ताकि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने हमले का झूठ न फैला सके। 1० मई को सैन्य टकराव रु कने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्वीट के बाद विपक्ष ने सरकार पर हमला शुरू कर दिया यह जानते हुए कि मोदी सरकार खुद कई बार कर चुकी है कि जम्मू-कश्मीर के मामले में मध्यस्थता नहीं होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अखंड प्रतिज्ञा है। यानी अगर आतंकवादी कार्रवाई हुई तो केवल आतंकवादियों के विरुद्ध नहीं, पाकिस्तान सरकार का काम मानकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इससे स्पष्ट घोषणा और कुछ हो नहीं सकती। देश के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता कि आतंकवाद के विरु द्ध संघर्ष में विश्व के लिए नये प्रतिमान को देश की उपलब्धि मानने की जगह संकुचित राजनीतिक स्वार्थ तथा रुग्ण वैचारिकता के आलोक में छोटा करने का आत्मघाती व्यवहार किया जा रहा है। जब पाकिस्तान को आईएफ यानी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कर्ज दे दिया तो जयराम रमेश ने पोस्ट कर दिया कि भारत ने मतदान में विरोध नहीं किया, जबकि उन्हें पता है कि विरोध में वोट करने का कोई प्रावधान नहीं और बहिर्गमन विरोध होता है जो भारत ने किया। प्रश्न है कि क्या इसके बावजूद हमारे नेता, एक्टिविस्ट, बुद्धिजीवी, पत्रकारों का एक समूह अपने देश को छोटा करने से बाज आएंगे? युद्ध में क्षति एकपक्षीय नहीं होती। किंतु जब भारत स्वयं को युद्ध की अवस्था में मानता है तो जिम्मेवार भारतीय का राष्ट्रीय कर्तव्य ऐसे प्रश्नों से दूर रहना है। जो लोग अपना राष्ट्रीय कर्तव्य इसमें नहीं समझते उनके बारे में हम क्या शब्द प्रयोग करें या देश कैसा व्यवहार करें यह आप तय करिए।

(लेख में विचार निजी है)

## सू- दोकू क्र.46

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.45 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# परिस्थितिजन्य साक्ष्य काफी नहीं होंगे

आशा है, भारतीय एजेंसियों ने ऐसे साक्ष्य जुटाए होंगे, जिन्हें देख कर महत्त्वपूर्ण राजधानियों को खतरे का बेहतर अहसास होगा। ऐसे साक्ष्य होंगे, तो सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा जरूर कामयाब होगी। परिस्थितिजन्य साक्ष्य काफी नहीं होंगे।

ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में (इजराइल के अपवाद को छोड़ कर) अंतरराष्ट्रीय समर्थन के लगभग पूरे अभाव से भारत के सत्ता प्रतिष्ठान में अगर चिंता पैदा हुई है, तो इसे सकारात्मक घटना माना जाएगा। चिंता का संकेत अनेक महत्त्वपूर्ण देशों में सात सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजने का फैसला है। ये दल 23 मई से दस दिन की यात्रा पर जाएंगे। बताया गया है कि प्रतिनिधिमंडल उन देशों को बताएंगे कि आतंकवाद का मुकाबला करने के मुद्दे पर भारत एकजुट है। ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया।

उस आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फोर्स नाम के दहशतगर्द संगठन ने ली थी, जिसके बारे में भारत ने कहा कि वह असल में कुख्यात लश्कर-ए-तैयबा ही है। भारत ने यह भी कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर और एक अन्य दहशतगर्द संगठन जैश-ए- मोहम्मद के ठिकानों पर निशाने साधे गए। भारत का मकसद बस इतना ही था। चूंकि पाकिस्तान ने भारतीय कार्रवाई का जवाब दिया, इसलिए लड़ाई का दायरा बढ़ गया। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की जिम्मेदारी भारत के इस पक्ष को बता कर अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना है। यहां उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान आतंकवाद का अड्डा रहा है, यह कोई नया तथ्य नहीं है। यह बात तो हाल में खुद वहीं के रक्षा मंत्री ने एक ब्रिटिश टीवी को दिए इंटरव्यू में मानी, हालांकि उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह गंदा काम अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देशों के लिए कर रहा था।

2००8 के मुंबई हमलों के बाद खुद भारत ने पाकिस्तानी हाथ के ठोस सबूत दुनिया के सामने रखे थे। नतीजा पाकिस्तान पर शिकंजा कसने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके अलगाव के रूप में सामने आया। इसलिए आवश्यक यह है कि इस बार भी भारत वैसे ही अकाट्य साक्ष्य दुनिया के सामने रखे।

वैश्विक प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य काफी नहीं होंगे। आशा है, इस बीच भारतीय एजेंसियों ने ऐसे साक्ष्य जुटाए होंगे, जिन्हें देख कर महत्त्वपूर्ण राजधानियों को पाकिस्तान जनित खतरे का बेहतर आभास होगा। ऐसे साक्ष्य होंगे, तो प्रतिनिधिमंडल की यात्रा जरूर कामयाब होगी। तो असल सवाल अकाट्य साक्ष्यों का है।

# कांग्रेस में आनंद शर्मा के बजाए,शशि थरूर को लेकर हड़कंप



अजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राजनीति में पक्के हैं क्योंकि कोई भी मौका कांग्रेस को नीचा दिखाने में नहीं चूकते हैं। भारत पाकिस्तान युद्ध या तनाव में भी उन्होंने पूरी कांग्रेस को ताक पर रख दिया। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का पक्ष रखने के लिए कांग्रेस ने प्रमुख रूप से पूर्व विदेश मंत्री आनंद शर्मा का नाम दिया था जब सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री श्री किरण जिजउ ने बकायदा कांग्रेस से चार नाम मांगे थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में हारे उम्मीदवार और केरल के नेता , यू एन में सेवा प्रदान कर चुके राज्य सभा सदस्य शशि थरूर को चुना है। इस मामले को लेकर कांग्रेस में हड़कंप मच गया है क्योंकि कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर अब भारत का विदेशों में पक्ष रखने वाले हैं। कहते हैं कि तू डाल डाल मैं पात पात यही हालात हो गया है।

लीडर ऑपोजिशन राहुल गांधी बाल नौंच रहे हैं कि करे तो क्या करे । शशि थरूर समझो नीम चढ़ी गिलोरी ,इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अघोषित समन्वय समिति में है।

राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़के ने तो आनंद शर्मा का नाम भेजा था लेकिन सरकार ने शशि थरूर को चुना।

दरअसल शशि थरूर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट है। इतना ही नहीं है कि वह विदेशी मामलों के जानकार हैं अलबत्ता वह केरल से आते हैं।केरल में अभी सीपीएम मार्क्सवादी सरकार है, भारतीय जनता पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में एक सीट जीती हैइस प्रदेश पर भारतीय जनता पार्टी कोई लोकप्रिय नेता बनाना चाहती है जो केरल में 1० से 15 फीसदी मतों का इजाफा कर दे। शशि थरूर दक्षिण भारत के ब्राम्हण हैं। और त्रिशूर से जुड़े हैं। केरल में इसाई धर्म समुदाय भी 49 फीसदी है, मुस्लिम भी बहुत है इस ताने वाने में शशि थरूर को केरल भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बनाने की आवश्यकता है।जहां तक चयन का प्रश्न है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को ताक पर रख दिया है क्योंकि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़के का सरकार का सहयोग करने का कोई इरादा नहीं है बल्कि युद्ध के बाद राहुल गांधी विदेश मंत्री एस जयशंकर को घेरने में जुटे हैं।

एस जयशंकर की गांधी परिवार से पुरानी अदावत है क्योंकि राहुल गांधी की दादी स्व श्रीमती इंदिरा गांधी ने एस जयशंकर के पिता को केबिनेट सचिव नहीं बनाया था जबकि वरिष्ठता में उनका हक था ।

# हुडदंग करने वाले पांच गिरफ्तार, 3 कार व 2 मोटरसाईकिलें सीज



संवाददाता

देहरादून। सडक पर हुडदंग करने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर तीन कारें व दो मोटरसाईकिलें सीज कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वीडियो में कुछ युवक कारों के ऊपर बैठकर, तो कुछ खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट करते नजर आ रह थे। उक्त वायरल वीडियो का एसएसपी दून द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वीडियो में दिख रहे वाहनो के सम्बंध में जानकारी करते हुए 03 चौपहिया वाहनों फॉर्च्यूनर, स्कॉर्पियो एवं दो मोटरसाइकिल बुलेट व हीरो स्प्लेंडर सहित कुल 05 वाहनों को सीज किया गया तथा वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में वैधानिक कार्यवाही की गई।

वाहनों के चालकों ने पूछताछ में अपने नाम शादाब शफी पुत्र नफीस शफी निवासी ग्राम परवल शिमला बायपास रोड, विनय चमोली पुत्र राजपाल सिंह निवासी नयागांव, साहिल खान पुत्र श्री नौशाद खान निवासी ग्राम परवल शिमला बायपास रोड, फुरकान पुत्र लतीफ निवासी नयागांव ग्राम परवल शिमला बायपास रोड, इकराम पुत्र इखलाख निवासी ग्राम परवल शिमला बायपास बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सय्यद मौहल्ला निवासी समीर ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नशे में धुत बस चालक गिरफ्तार, बस सीज

संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस ने नशे में बस चला रहे चालक को गिरफ्तार कर बस को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा जनपद के प्रवेश बैरियरों तथा पुलिस चैक पोस्टों पर वाहन चैकिंग विशेषकर ओवरस्पीड व ड्रिंक एण्ड ड्राइव के खिलाफ लगातार चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद के प्रवेश बैरियर चिन्यालीसौड़, नगुण पर पुलिस द्वारा रुटीन चौकिंग के दौरान बस को रोककर चैक किया गया तो बस चालक सुभाष मौर्य पुत्र हेमराज मौर्य निवासी बसगर शक्ति फॉर्म सितारगंज, उधमसिंह नगर शराब पीकर वाहन चलाते हुये पाया गया, एल्कोमीटर परीक्षण में चालक की नशे में होने की पुष्टि हुयी है।



बस में झारखंड के 27 तीर्थ यात्री सवार थे, चालक के शराब के नशे में होने पुलिस द्वारा चालक को मौके पर एमवी एक्ट में गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया। ट्रैवल एजेंट से बात कर तीर्थ यात्रियों के लिए दूसरी बस की व्यवस्था करवायी गयी।

# जन सुनवाई में 113 शिकायत दर्ज, सीडीओ ने अधिकांश का मौके पर किया समाधान

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी की जन सुनवाई में 113 शिकायत दर्ज करायी गयी सीडीओ ने अधिकांश मामलों का मौके पर समाधान किया।

आज यहां मुख्यमंत्री का संकल्प, सेवा और सुशासन एवं जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में क्लेक्ट्रेट सभागार में जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने 113 शिकायतें रखी। जिनमें से अधिकांश शिकायतों का मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर निस्तारण किया। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं का त्वरित समाधान और उनका समयबद्वता से निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। जनता दरबार में भूमि विवाद को लेकर अधिकतर समस्याएं छाई रही। इसके अलावा सड़क, पेयजल, एमडीडीए, नगर निगम, पुलिस, परिवहन, शिक्षा, विद्युत, आर्थिक सहायता एवं अपने क्षेत्र से जुड़ी शिकायतों को भी जनता ने प्रमुखता से रखा। दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक ने नवादा में स्थित उनकी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर उनके साथ मारमीट करने तथा हसनपुर तहसील विकासनगर निवासी रिटायर्ड सेना के अधिकारी ने भूमाफिया द्वारा उनकी निजी भूमि पर कब्जा किए जाने और धमकाने की शिकायत दर्ज की। जिस पर संबंधित एसडीएम को जांच के निर्देश दिए गए।



वही पथरीबाग निवासी महिला ने अपने पडोसी पर एमडीडीए नक्शे से हटकर उनकी निजी भूमि पर अतिक्रमण करते हुए भवन निर्माण करने की शिकायत पर एमडीडीए को कार्वाई के निर्देश दिए गए। अजबपुर कला निवासी विधवा महिला ने अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। वही नेहरू ग्राम निवासी विधवा महिला ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि उनके पति की सड़क दुर्घटना अकाल मृत्यु होने पर उनके परिवार आर्थिक तंगी से गुजर बसर कर रहा है। विधवा महिला ने आर्थिक सहायता और रोजगार दिलाने की गुहार लगाई। जिस पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, एसडीएम अपूर्वा, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी वीके ढौंडियाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, डीएसडब्ल्यूओ दीपांकर घिल्डियाल, सीवीओ विद्याधर कापडी सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## 10 किलो गांजे सहित 2 गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

नैनीताल। नशा तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से 10 किलो गांजा व तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली भवाली पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले सामान की बड़ी खेप सहित आने वाले है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को खैरना-धनियाकोट मोटर मार्ग पर बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये।

पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 10 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होने अपना नाम योगेंद्र सैनी पुत्र छोटेलाल व राहुल सिंह, पुत्र पप्पू सिंह निवासी ग्राम चंद्रपुर कला, थाना सैफनी, जिला रामपुर यूपी बताया।

पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है।

## एसपी उत्तरकाशी द्वारा ली गयी मासिक अपराध गोष्ठी

### ❑अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था के दिये निर्देश

संवाददाता

उत्तरकाशी। एसपी द्वारा ली गयी मासिक अपराध गोष्ठी में चार धाम यात्रा व अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये।

आज यहां पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशीए श्रीमती सरिता डोबाल द्वारा पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी में अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों का मासिक सम्मेलन अपराध गोष्ठी ली गई। मीटिंग में उनके द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को करीब एक माह के समय में चारधाम यात्र का निर्बाध एवं सुव्यवस्थित संचालन करने पर बधाई देते हुये आने वाले दिनों में यात्रा पीक की सम्भावना को देखते हुये सभी अधिकारी कर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता के साथ डयूटी करने के निर्देश दिये गये। उनके द्वारा बताया गया कि अभी कुछ दिनों तक स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते चारधाम यात्र में श्रद्धालुओं के बढने की प्रबल सम्भावना है ऐसे में प्रत्येक डयूटी प्वाईंट पर और अधिक मुस्तैदी बरतने की आवश्यकता है। चारधाम यात्र के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार वाहन चैकिंग अभियान चलाने विशेषकर ओवरस्पीड, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, लापरवाही से वाहन चलाने व ओवरलोडिंग वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बाहरी देश प्रान्तों से जनपद में निवासरत व्यक्तियों के शतप्रतिशत पुलिस सत्यापन हेतु लगातार सत्यापन अभियान चलाने तथा संदिग्ध व्यक्ति व गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिये गये। मासिक अपराधों की समीक्षा करते हुये उनके द्वारा लम्बित विवेचनाए प्रार्थना पत्र, समन, वारण्ट आदि के त्वरित निस्तारण के साथ अवैध नशे की रोकथाम हेतु नशा तस्करों पर लगातार नकेल कसने तथा नशा उन्मूलन, साइबर, महिला व अन्य अपराधों के प्रति जनजागरुकता बढाने के निर्देश दिये गये। गोष्ठी के दौरान डीजीसी प्रवीन सिंह एवं सहायक अभियोजन अधिकारी देवमणि पाण्डेय द्वारा उपस्थित विवेचकों को एनडीपीएस एक्ट, पोक्सो अधिनियन सहित अन्य प्रकरणों में विवेचनाओं में सुधार व पारदर्शिता लाने के साथ साक्ष्य संकलन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गयी।

अपराध गोष्ठी से पूर्व मासिक सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस अधीकारी व कर्मचारियों की समस्याएं सुनते हुये उनके निस्तारण के निर्देश दिये गये। मासिक अपराधा गोष्ठी में पुलिस उपाधीक्षक उत्तरकाशी जनक सिंह पंवार, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, निरीक्षक दूरसंचार सचिन कुमार, निरीक्षक एसडीआ0एफ जगदम्बा प्रसाद बिजल्वाण, कमाण्डेंट होमगार्ड विजय पाल, सभी थाना कोतवाली, स्टेशन शाखा प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पुलिस अपाधीक्षक बडकोट देवेन्द्र सिंह नेगी, यमुना वैली के थाना स्टेशन प्रभारी तथा थानाध्यक्ष हर्षिल द्वारा गोष्ठी में वर्चुअल रुप से प्रतिभाग किया गया।

# मालन नदी पुल का लोकार्पण

## ❑मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया लोकार्पण



विशेष संवाददाता

कोटद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मालन नदी पर नवनिर्मित पुल का लोकार्पण करते हुए कहा कि इस पुल के तैयार होने से कोटद्वार तथा भावर क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं उन्होंने आज इस पुल का वर्चुअली लोकार्पण किया। जबकि क्षेत्रिय विधायक ऋतु खंडूरी इस दौरान कोटद्वार में मौजूद रही। पुल का लोकार्पण करते हुए सीएम धामी ने कहा कि अब राज्य में ढांचागत विकास कामों को नियोजित तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। बात चाहे रेलवे और हवाई कनेक्टिविटी की हो या फिर सड़क और पुलों के निर्माण और पुनर्निर्माण की। हर जगह तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोटद्वार के लिए आधा दर्जन से भी अधिक

### ❑27 करोड़ की लागत से बना है नया पुल
### ❑आज से भारी वाहनों का आवाजाही शुरू

योजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने नमामि गंगे परियोजना के तहत बनने वाले सीवर प्लांट का जिक्र करते हुए कहा कि इस पर 133 करोड रुपए खर्च होंगे और जल्द इसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कोटद्वार को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली तमाम सड़कों के निर्माण और चौड़ीकरण की योजनाओं तथा रिंग रोड के निर्माण तथा अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण की बात भी कहीं। उन्होंने कहा कि मालन नदी का पुल टूटने से लोगों को भारी दिक्कतें हो रही थी। इसके बनने से कोटद्वार और भावर क्षेत्र के लोगों का फायदा होगा।

उधर मौके पर मौजूद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि अपने तमाम कार्यक्रमों में व्यस्तता के बावजूद भी उन्होंने पुल के लोकार्पण के लिए समय निकाला इसके लिए मैं उनकी आभारी हूं। इस पुल के बनने से पौड़ी गढ़वाल के लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी। जुलाई 2023 में मालन नदी पर बने पुल का एक हिस्सा पानी में बह गया था। 27 करोड़ की लागत से बने इस पुल पर दो पहिया और हल्के वाहनों का आवागमन पहले ही शुरू हो गया था लेकिन आज से हैवी वाहनों के लिए भी पुल को खोल दिया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# भाजपा विधायक को एक साल की सजा



हमारे संवाददाता

देहरादून। भाजपा विधायक को सीबीआई कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उन्हे एक साल की सजा सुना दी है। जिससे राजनीतिक गलियारो मे हड़कंप मचा हुआ है।

भाजपा के रानीपुर विधायक आदेश चौहान को सीबीआई कोर्ट ने दोषी करार देते हुए एक साल की सजा सुनाई है उनके साथ उनकी भतीजी दीपिका और चार अन्य लोग भी दोषी पाए गए हैं

इस केस में तीन पुलिसकर्मी भी शामिल है जिनमें से एक की पहले ही मृत्यु हो चुकी है जबकि बाकी दो पुलिसकर्मी दिनेश और राजेंद्र को भी कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई है यह मामला मारपीट से जुड़ा हुआ है जो कि दहेज उत्पीड़न के विवाद से शुरू हुआ था। विधायक आदेश चौहान की भतीजी दीपिका के पति मनीष की शिकायत के बाद हाईकोर्ट ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। सीबीआई की जांच के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा जहां पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट ने सभी आरोपियों को दोषी ठहराया और एक साल की सजा सुनाई।

# कलयुगी बाप ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता


नैनीताल। देवभूमि उत्तराखण्ड के जनपद नैनीताल में रिश्तो को शर्मशार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक बाप पर अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित नाबालिग बच्ची कक्षा सात में पढ़ती है जो 13 वर्षीय है। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति के खिलाफ बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले में पुलिस ने प्राथमिकता के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि पुलिस को पहले यह अंदेशा था कि माता-पिता के बीच विवाद के चलते यह मामला दर्ज कराया गया है, लेकिन जांच हुई तो कलयुगी बाप का काला चेहरा सबके सामने आ गया। आरोप है कि मां की गैरमौजूदगी में आरोपी पिता ने अपनी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी दी। लेकिन पिता की हैवानियत से बेटी बुरी तरह घायल हो गई। बेटी ने जब मां को पिता की करतूत के बारे में बताया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां ने आरोपी से इसके बारे में पूछा तो वह पहले घटना से इन्कार करने लगा लेकिन जब पीड़ित बच्ची का मेडिकल कराया गया तो सारी हकीकत सामने आ गई। जिसके चलते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# बाघ के हमले में युवक की जान गई

विशेष संवाददाता

रामनगर। तराई पश्चिम क्षेत्र के जंगल में लकड़ी लेने गए एक युवक को बाघ ने अपना निवाला बना लिया। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीण अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन युवक को बचाया नहीं जा सका।

राज्य में वन्य जीव संघर्ष में आए दिन लोगों की जान गंवानी पड़ती है तमाम कोशिशो के बाद भी इस तरह की घटनाओं को रोका नहीं जा सका है। ताजा घटना रामनगर के तराई पश्चिम क्षेत्र के जंगल की है जहां सुक्खपुरा गांव के कुछ युवक आज सुबह जंगल में सूखी लकड़ी लेने गए थे इसी दौरान बाघ ने एक युवक जिसका नाम विनोद बताया गया है पर अचानक हमला कर



### ❑ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत, जंगल से लकड़ी लेने गया था युवक

दिया। बाघ युवक को जंगल में घसीट कर ले जाने लगा तो अन्य युवको ने हल्ला मचाया इस दौरान ग्रामीण भी जंगल में पहुंच गए।

बाघ के हमले में घायल युवक को ग्रामीण अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रिय वन अधिकारियों को घटना की जानकारी मिली तो वह भी अस्पताल पहुंच गए। जिला प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को अनुमन्य सहायता राशि दी जा रही है तथा युवक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है साथ ही ग्रामीणों में दहशत है ग्रामीणों ने जंगलात के अधिकारियों से बाघ को मारने की मांग की है वन क्षेत्रधिकारी का कहना है कि अधिकारी जैसा भी आदेश देंगे उस पर अमल किया जाएगा युवक की मौत से ग्रामीण दुखी व परेशान है।

# चौपहिया वाहनों पर स्टंट करने वाले 3 गिरफ्तार, वाहन सीज

संवाददाता

देहरादून। चौपहिया वाहनों पर स्टंट करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए वाहनों को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्रन्तर्गत मालदेवता क्षेत्र में सड़क पर चौपहिया वाहनों से स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो का सज्ञान लेकर एसएसपी अजय सिंह द्वारा सम्बन्धित वाहन चालकों के विरूद्व सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। एसएसपी निर्देशो के क्रम में थाना रायपुर पुलिस द्वारा वाहन चालकों के सम्बंधा में जानकारी करते हुए बीच सड़क पर स्टंट कर रहे 02 थार वाहनो व 01 सफारी



वाहन को सीज किया गया तथा तीनो वाहनो के चालकों के विरुद्ध भी वैध ाानिक कार्यवाही की गई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अमित गर्ग पुत्र केवल गर्ग निवासी राजपुर रोड, ऋतिक पुत्र कपिल देव पवार निवासी आईडीपीएल ऋषिकेश, मेहुल वर्मा पुत्र राम वर्मा निवासी नत्थनपुर थाना नेहरू बताया। पुलिस ने वाहनों को सीज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की।

# ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवतियां घायल

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार दो युवतियां घायल हो गयी। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोवर नेहरू कालोनी निवासी नवीन जगूडी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बहन व उसकी सहेली स्कूटी से घर की तरफ आ रही थी जब वह तपोवन रोड पर पहुंची तो पीछे से आ रहे ट्रक ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गयी। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*